Regional Supplement

हरियाणा केसरी

@punjabkesaricom
PunjabKesari.com
PunjabKesari.com

# गुरुग्राम केसरी

संक्षिप्त खबरें

Punjab Kesari, Delhi 2 मार्च 2023, गुरुवार

## सब्जी विक्रेता युवक के आत्महत्या में मेरा नाम शामिल कर छवि खराब करने का प्रयास: मनीष यादव

**गुरुग्राम,**सतबीर भारद्वाज (पंजाब केसरी): फिरोजपुर गांधी कालोनी में सब्जी विक्रेता द्वारा आत्महत्या करने के मामले में भाजपा नेता मनीष यादव ने कहा कि उनका नाम इस आत्महत्या में लेना राजनीतिक व सामाजिक छवि को खराब करने का प्रयास है। सब्जी विक्रेता को कोरोना काल से पहले नि:शुल्क रेहड़ी लगाने के लिए जमीन दी थी। यह जमीन किसी परिचित के माध्यम से दी गई थी, सीधा सब्जी विक्रेता से उसकी कोई बात तक नहीं थी। ऐसे में सुसाइड नोट में नाम लिख उसकी छवि को खराब करने का काम किया गया है।

भाजपा नेता मनीष यादव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से उसे मामले की जानकारी मिली। वे मृतक के परिजनों के प्रति पूरी संवेदना व्यक्त करते हैं। मनीष ने कहा कि मेरी मृतक या उसके किसी निकट संबंधी से किसी तरह की कोई जान पहचान या मेल-मुलाकात नहीं रही है। मामले में मेरा नाम शामिल करना पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित है। जिसका कोई आधार नहीं है। कुछ विरोधी लोग इस तरह की अनर्गल बातें कर मेरी राजनीतिक एवं सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। जिनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं हों पाएंगे। मैंने हमेशा क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों की भलाई के लिए कार्य किए हैं और आगे भी करता रहूंगा। साथ ही मनीषयादव ने संबंधित मामले की जांच में पूर्ण सहयोग की बात भी कही। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी करने की मांग की है।

## 3 से 10 मार्च तक मनाया जाएगा विश्व श्रवण सप्ताह

**गुरुग्राम,** एमके अरोड़ा (पंजाब केसरी) : सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने बताया कि जिला में 3 से 10 मार्च तक थीम इयर एंड हिअरिंग केयर फॉर ऑल थीम के तहत विश्व श्रवण सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जिला की सभी सीएचसी, पीएचसी और जिला अस्पताल में लोगों को कान रोग के बारे में बताया जाएगा। साथ ही कान की देखभाल के प्रति जागरूकता लाने हेतु शिविर भी लगाए जायेंगे। रोग से बचाव एवं इसके उपचार की जानकारी को जनसामान्य तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अभियान की नोडल अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉ प्रिया शर्मा ने बताया कि लोगों को कानों से संबंधित बीमारियों के बारे में अधिक जानकारी नहीं होती। ऐसे में 3 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस अभियान की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला के सभी पीएचसी व सीएचसी पर आयोजित किए जा रहे शिविरों में रोगियों का चयन कर उन्हें जिला अस्पताल में भेजा जाएगा। जिला अस्पताल गुरुग्राम में नियोनेटल हियरिंग स्क्रीनिंग सहित हियरिंग असेसमेंट एंड स्पीच थेरेपी उपलब्ध है। इस दौरान यदि आवश्यक हुआ तो दवाओं और सर्जरी के रूप में उपचार भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व श्रवण दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को दुनिया भर में बहरेपन और श्रवण हानि को रोकने और कान और सुनने की देखभाल को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।

## माटी के सपूत थे जयकरण शर्मा: गडकरी

- केन्द्रीय मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन




**गुरुग्राम,**(पंजाब केसरी): केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने स्वर्गीय जय करण शर्मा के प्रेरणादायक जीवन पर लिखी पुस्तक का आज यहां एक रंगारंग समारोह में विधिवत विमोचन किया। स्वर्गीय श्री जय करण शर्मा चेतक समूह के संस्थापक थे और उनकी उद्यमशीलता तथा दानवीरता के किस्से दूर-दूर तक सुनाये जाते हैं। इस अवसर पर श्री जय करण शर्मा की पत्नी श्रीमती कृष्णा शर्मा भी उपस्थित थीं। उन्होंने गुरुग्राम के अपने समूह को विस्तार देते हुए समाज सेवा में अनेक कार्य किए। इस पुस्तक के विमोचन पर हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री मूल चंद शर्मा भी उपस्थित थे। उनके अलावा श्री जय करण शर्मा के तीनों पुत्र मुकेश हरितश, राजेश हरितश तथा सचिन हरितश भी मौजूद थे। ऑटोमोबाइल जगत की नामी-गिरामी हस्तियां और श्री शर्मा के दर्जनों दोस्त भी उपस्थित थे। कर्म योद्धा जय करण के नाम से प्रकाशित इस पुस्तक में श्री जय करण शर्मा के अनुकरणीय जीवन के बारे में विस्तार से लिखा गया है। वह हरियाणा के एक छोटे से गांव झिंझर में एक किसान के घर पैदा हुए और उन्होंने बिना किसी पूंजी के और बिना किसी के सहारे के चेतक समूह खड़ा कर दिया जो आज भारत का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स समूह है। इस अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि मुझे श्री जय करण शर्मा जी के जीवन पर लिखी गई इस पुस्तक का विमोचन करते हुए बहुत खुशी हो रही है। वह माटी के सपूत थे और उन्होंने अपनी सफलता की नींव स्वंय रखी। ग्रामीण परिवेश के जय करण जी के पास बहुत ही कम साधन थे लेकिन उन्होंने बहुत संघर्ष किया और आगे बढ़ते चले गये। उन्होंने एक कंपनी बनाई जिससे बहुत लोगों को रोजगार भी मिला तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा। ऐसे लोग विरले होते हैं और देश में विकास लाने के सरकार के प्रयासों में मदद करते हैं। श्री गडकरी ने कहा कि यह पुस्तक जो उनके जीवन के संघर्षों और सफलताओं को बयां करती है, आज के युवा वर्ग को प्रेरित करेगी ताकि वे भी उनकी तरह उद्यमी बनें और विभिन्न सरकारी नीतियों का लाभ उठायें तथा रोजगार लेने की बजाय उसे सृजित करें।

इस अवसर पर उनके जीवन पर कचुपुड़ी नृत्य के महारथी और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गुरू पसुमर्ती और उनकी पत्नी डा. भारती विट्ठल की योग्य शिष्यासुश्री निहारिका सफाया ने एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। तबले पर उनका साथ दिया चतुरलाल घराने के सिद्धहस्त तबला वादक प्रांशु ने। सभा का सुंदर संचालन किया दूरदर्शन की जानी-मानी ऐंकर श्रीमती लका सिन्हा ने।